## खबर संक्षेप



### अभिषेक जायसवाल ने बुजुर्गों का सम्मान कर मनाई संत रविदास जयंती

**मैहर।** ग्राम पंचायत के डेलहा भवन में मैहर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर मनाया गया। जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अभिषेक जयसवाल ने समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच अभिषेक जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज में समानता,समरसता और भाईचारे का संदेश देता है, जिसे अपनाकर ही समाज को मजबूत बनाया जा सकता है।

### नेहरू सेंचुरी विद्यालय में सरस्वती पूजन का हुआ आयोजन



**मैहर।** नेहरू सेंचरी सेंट्रल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्रमुख अरुण तनय मिश्र सपरिवार पूरे स्टाफ व बच्चों के साथ हवन पूजन किए। तत्पश्चात कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही सादगी पूर्वक किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राएं पीले परिधानों में नजर आए जिसकी सराहना उपस्थित अभिभावकों ने खूब की और संस्था प्रमुख को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के निर्णय लेना अति आवश्यक है।

### अल्ट्राटेक सरला नगर मैहर में ठेका मजदूरों के साथ भेदभाव का आरोप



**मैहर।** अल्ट्राटेक सीमेंट सरला नगर मैहर के द्वारा ठेका मजदूरों को नियम विरुद्ध प्रताड़ति करने,भेदभाव करने और बिना नोटिस के कॉलिग ड्यूटी में भेजने की समस्या को लेकर विगत 31जनवरी को फैक्ट्री प्रबंधन के पदाधिकारी से चर्चा की गई थी। श्रम इंस्पेक्टर मैहर नरेश पटेल को भी पत्र दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह समस्या 2 फरवरी को ठेका मजदूरों ने भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मनोज शुक्ला को बताई। उक्त समस्या के उचित समाधान हेतु दिनांक 10 फरवरी तक कानून की गाइडलाइन के तहत समाधान न हुआ तो भारतीय मजदूर संघ उच्च पदाधिकारी के परामर्श पर आगामी कार्यवाही करेगा। जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

### कलेक्ट्रेट में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ हुई फरवरी माह के कामकाज की शुरुआत



**सतना।** फरवरी माह के प्रथम कार्य दिवस, सोमवार को सतना कलेक्ट्रेट में कार्यालयीन कार्यों का आगाज़ देशभक्ति के भाव के साथ हुआ। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की गरिमामयी उपस्थिति में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे,जिनमें अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडी एम राहुल सिलाडिया,डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सत्यम मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# रामवन मंदिर परिसर में युवक-युवती की शर्मनाक हरकत मूर्ति के पीछे आपत्तिजनक वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**सतना।** आस्था के केंद्र और पवित्र धार्मिक स्थल रामवन मंदिर परिसर से एक बेहद आपत्तिजनक मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक और युवती को मंदिर में स्थापित मूर्ति के ठीक पीछे अमर्यादित स्थिति में देखा गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है।





प्रेमलाल कुर्वे

### पुजारी की शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई

घटना की गंभीरता को देखते हुए मंदिर के पुजारी अंश शर्मा ने सोमवार को रामवन चौकी पहुंचकर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। पुजारी ने कहा कि मंदिर जैसे पवित्र स्थान पर इस तरह की कृत्य ने न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई है,बल्कि क्षेत्र की मर्यादा को भी तार-तार किया है। पुलिस ने अज्ञात युवक-युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जांच के घेरे में आरोपी और वीडियो बनाने वाले

पुलिस प्रशासन अब दोहरे स्तर पर जांच कर रहा है। मंदिर और आसपास के कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस यह भी जांच रही है कि वीडियो कब का है और इसे सबसे पहले किसने रिकॉर्ड कर वायरल किया।

### बजरंग दल और स्थानीय लोगों में रोष

इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और हिंदू संगठनों में कड़ा विरोध देखा जा रहा है। बजरंग दल के प्रांत गौशाला प्रमुख सचिन शुक्ला ने प्रशासन से कड़ी वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर लगाम कसना जरूरी है ताकि भविष्य में किसी भी धार्मिक स्थल की पवित्रता भंग न हो। पुलिस ने आम जनता से शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या उत्तेजक सामग्री साझा न करने की अपील की है।

# सर्किट हाउस की सड़कों पर 'बेकाबू रफ्तार' का तांडव, चीखों में बदली शहर की चहल-पहल





**सतना।** जिस सड़क पर लोग सुकून की सांस लेने निकलते हैं,जहाँ शहर की धड़कनें सामान्य रफ्तार से दौड़ती हैं, उसी पॉश इलाके सर्किट हाउस में कल मौत का एक 'इलेक्ट्रिक तमाशा' देखने को मिला। एक ई-रिक्शा,जो आमतौर पर मध्यम गति और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है,कल किसी खूंखार शिकारी की तरह सड़क पर उतरा और देखते ही देखते पाँच जिंदगियों को लहूलुहान कर गया।

### जब सड़क पर उतरा 'यमराज'

वीडियो के विजुअल्स इतने डरावने हैं कि कमजोर दिल वालों की रूह कांप जाए। पॉश इलाके की उस शांत दोपहर में किसी ने नहीं सोचा था कि एक छोटा सा ई-रिक्शा 'यमराज' का वाहन बन जाएगा। रफ्तार इतनी बेतहाशा कि मानो ब्रेक नाम का शब्द चालक की डिक्शनरी से मिट चुका था। वायरल फुटेज में साफ़ दिख रहा है कि ई-रिक्शा चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण पूरी तरह खो दिया था। वह सड़क पर गाड़ी नहीं चला रहा था,बल्कि सामने आने वाली हर सांस को कुचलने की होड़ में था।

### चीख-पुकार और बिखरा हुआ खून

रास्ते में जो भी आया-चाहे वो पैदल चलता राहगीर हो या अपनी धुन में खड़ा कोई नागरिक-सब उस तांडव की चपेट में आ गए। एक-दो नहीं,बल्कि पाँच लोगों को रौंदते हुए यह बेकाबू रिक्शा आगे बढ़ता गया। सड़क पर पल भर में सन्नाटा चीखों में तब्दील हो गया। कहीं बिखरा हुआ सामान था,तो कहीं दर्द से कराहते हुए लोग। यह सिर्फ एक एक्सीडेंट नहीं,बल्कि उन मासूमों के लिए एक डरावना मंजर था जो चंद सेकंड पहले अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे थे।

### इंसानियत की मिसालः भागते गुनाहगार को भीड़ ने दबोचा

टक्कर मारने के बाद, ड्राइवर की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा देखिए-घायलों की मदद करने के बजाय उसने एक्सीलेटर और खींच दिया। वह भागने की फिराक में था, लेकिन सतना की जनता ने 'इंसाफ' का मोर्चा संभाला। लोगों ने दिलेरी दिखाते हुए पीछा किया और उस 'तांडव' मचाते रिक्शे को घेरकर ड्राइवर को धर दबोचा।

### व्यवस्था पर सवालिया निशान

यह हादसा हमें झकझोरने के लिए काफी है। क्या शहर के पॉश इलाकों में भी अब चलना सुरक्षित नहीं? ई-रिक्शों की बढ़ती तादाद और उनके चालकों की बेलगाम ट्रेनिंग आज एक बड़े खतरे के रूप में सामने खड़ी है।

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच रोमांचक रहा



**मैहर।** फ्रेंड्स क्लब मैहर के तत्वावधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज का पहला मैच बड़े ही रोमांचक अंदाज में खेला गया। पहले मुकाबले में विष्णुपुर बनाम साइन 11 कटनी की टीमें आमने-सामने रहीं। मैच में कटनी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विष्णुपुर टीम ने 114 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में साइन 11 कटनी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 9 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंकित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आज का दूसरा मुकाबला डेलहा बनाम घोरबई के बीच खेला गया। डेलहा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। घोरबई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 94 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डेलहा टीम 84 रन ही बना सकी,जिससे घोरबई टीम ने यह मैच 10 रनों से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के चलते अनिकेत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरज पांडे उपस्थित रहे। साथ ही कुलदीप तिवारी,गुड्डू बड़गैयाँ,मनोज सोनी,मनेंद्र चौरसिया,पंकज भदौरिया,डिंपु पांडे,छोटू कुशवाहा,शुभम पांडे,अतुल तिवारी,सुंदर सिंह,मोहित कश्यप एवं अजमेर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। फ्रेंड्स क्लब के आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। दर्शकों की भारी मौजूदगी ने मुकाबलों का उत्साह और बढ़ा दिया।

# 5 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सतना।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वनदेवी आश्रम नयागांव क्षेत्र में दबिश देकर एक तस्कर को भारी मात्रा में अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नयागांव निवासी महेंद्र सिंह राजपूत अपने घर में बिक्री के उद्देश्य से अवैध गांजा छिपाए हुए है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और वनदेवी आश्रम के पास स्थित आरोपी के घर पर छापेमारी की।



### 6 पैकेटों में मिला 1.13 लाख का गांजा

तलाशी के दौरान आरोपी के कमरे से एक जूट का बोरा बरामद हुआ। बोरे को खोलने पर उसमें प्लास्टिक की अलग-अलग 6 पन्नियाँ (4 काली,1 हरी और 1 लाल) मिलीं,जिनमें कुल 5 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ था। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 1,13,000 रुपये बताई जा रही है। वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर लिया। आरोपी महेन्द्र सिंह राजपूत 24 वर्ष, निवासी नयागांव को पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 52/26, धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

# कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किये प्रतिबंधात्मक आदेश

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत सम्पूर्ण जिले की सीमा के अंदर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार रात्रि 10बजे से प्रातः 6बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा एवं हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट, व्यावसायिक पाठ्यक्रम की बोर्ड परीक्षायें जिले में परीक्षा केन्द्रो पर 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक एवं सीबीएसई हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं),हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) 10 अप्रैल 2025 तक निरंतर संचालित हो रही हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने परीक्षा केन्द्रों एवं केन्द्रों के परिसर और आसपास ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग होने और असामाजिक व्यक्तियों द्वारा न्यूसेंस पैदा करने की आशंका के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रो एवं परीक्षा केन्द्रो के 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। इसके अनुसार कोई व्यक्ति,राजनैतिक दल,छात्र या कर्मचारी संगठन,संघ,ट्रेड यूनियन तथा अन्य कोई संघ या संगठन उपर्युक्त उल्लेखित परिसरों की सीमा सें 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आमसभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन नहीं करेंगा और न ही किसी प्रकारके अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा। साथ ही उल्लेखित परिसरों तथा संपूर्ण जिला की सीमा के अंदर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 अंतर्गत अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया हैं। साथ ही रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। इस संबंध में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की सुसंगत धाराओं एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा। जारी आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के सुसंगत धाराओं के अधीन दंडनीय होगा। आदेश 10 फरवरी से तत्काल प्रभाव से लागू होकर 10 अप्रैल 2026 की मध्य रात्रि तक संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा।

### कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में तेजी लाने के दिये निर्देश

**सतना।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों और जनशिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,एसडीएम राहुल सिलाडिया,डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा और डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सत्यम मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहे।



# मवेशी के अचानक सामने आ जाने से दो युवक हुए हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बरही तिराहे के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार एक्टिवा सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस टक्कर में एक्टिवा सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कटनी के दुर्गा चौक निवासी मोहित राय 18 साल और ग्राम देवरी निवासी ओमप्रकाश पटेल एक्टिवा से बड़वारा की ओर जा रहे थे जैसे ही वे मझगवां के पास बरही तिराहे पर पहुंचे तभी अचानक सामने एक मवेशी आ गई। मवेशी को बचाने की कोशिश में चालक ने अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी सीधे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और वहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत मदद की और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

घायलों को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि दोनों युवकों के सिर और हाथ-पैर में गहरी चोटें आई हैं। डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख में जुटी है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और वहां खड़े ट्रक की स्थिति का पता लगा रही है।

# संत रविदास जयंती पर मैहर में निकाली विशाल शोभा यात्रा,12 फरवरी को मैहर बंद का आव्हान



**मैहर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर 1 फरवरी 2026 को भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास विकास समिति,जिला मैहर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अंबेडकर नगर,मैहर से ऐडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा एवं आकर्षक झांकियां निकाली गईं,जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रविदास आश्रम मैहर पहुंचीं,जहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंच को संबोधित करते हुए भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी ने UGC बिल के समर्थन में तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विरोध में 12 फरवरी को मैहर बंद का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नालंदा ने संत रविदास जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए 'बेगमपुरा राज' की अवधारणा को समतामूलक समाज की नींव बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने प्रेम,करुणा और समानता का संदेश देकर जाति-भेद और छुआछूत जैसी कुरीतियों के विरुद्ध समाज को जागरूक किया।

**खबर संक्षेप**

## संभागायुक्त ने ली संभागीय समीक्षा बैठक



**पन्ना सहित अन्य जिलों के परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश**

**कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में इलाज सुनिश्चित करें**

**श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं**

**पन्ना।** कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में इलाज सुनिश्चित करने, श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने, पोषण ट्रैकिंग में प्रगति न लाने पर सागर, टीकमगढ़, दमोह एवं पन्ना के परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने तथा गर्भवती माताओं के सभी परीक्षण समय पर कराने के निर्देश संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने मासिक संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य, श्रम एवं महिला बाल विकास विभाग के संभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने सागर संभाग के समस्त स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मरीजों, महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर उपचार एवं संदर्भ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। संभागायुक्त ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मध्यान्ह भोजन एवं नाश्ते के बीच पर्याप्त अंतर रखा जाए तथा पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने श्रम विभाग को ई-स्कूटर योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबल योजना एवं भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता, सामान्य मृत्यु, दुर्घटना मृत्यु एवं स्थायी अपंगता की स्थिति में देय राशि समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### नगरीय क्षेत्रों की पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं- कमिश्नर

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने नगरीय क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नगरीय क्षेत्रों में निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य में आने वाले गतिरोधों को दूर कराएं तथा पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने आज नगरीय प्रशासन विभाग के संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने नगरीय क्षेत्रों के हितग्राहियों के लिए संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने ग्राम नगर निवेश विभाग द्वारा नगर निवेश योजनाओं की भी समीक्षा की।

# गड़ा धन निकालने का लालच देकर 6 लाख 81 हजार रूपये की धोखाधड़ी करने वाले 3 शातिर आरोपियों को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूजा-पाठ, तंत्र-मंत्र व गुप्त दान के नाम पर रची गई थी ठगी की साजिश**

**आरोपियों के कब्जे से ठगी गई राशि 5 लाख 50 हजार रूपये नगद, 01 अर्टिगा कार एवं 04 मोबाइल सहित कुल मशरूका कीमती करीब 18 लाख 75 रूपये का जप्त**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में गड़ा धन निकालने के नाम पर 06 लाख 81 हजार रूपये की धोखाधड़ी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में फरियादी आनंद सिंह घोषी पिता शिव सिंह घोषी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया थाना देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि तीन व्यक्तियों ने झारखंडन माता मंदिर क्षेत्र में गड़ा धन (सोना) होने का झाँसा देकर पूजा-पाठ, तंत्र-मंत्र एवं गुप्त दान के नाम पर डराया कि पूजा नहीं कराने पर अनहोनी हो सकती है। उक्त व्यक्तियो द्वारा अंधविश्वास का लाभ उठाकर फरियादी व उसके साथियों को विभिन्न चरणों में मैहर एवं अजमेर (राजस्थान) ले जाकर पूजा, गुप्त दान एवं अन्य खर्चों के नाम पर धोखाधड़ी कर कुल 6,81,000/- ले लिये गये । दिनांक 29-30 जनवरी 2026 को तीनो व्यक्तियों द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह एवं पुष्कर ले जाकर गुप्त दान कराने का नाटक किया गया तथा बाद में झारखंडन रोड पर गड़ा धन निकालने के बहाने फरियादी एवं उसके साथियों को धोखे में रखकर मौके से फरार हो गए । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्रमांक 51/26 धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि संतोष यादव द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्नाएस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक संतोष यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पतारसी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। परिणामस्वरूप दिनांक 01/02/2026 को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर तीनों संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूँछताछ की गई। कड़ाई से पूँछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से धोखाधड़ी की राशि 5 लाख 50 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 01 कार कीमती करीब 13 लाख रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल जप्त किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी -**

1. नसीम खान पिता हबीब खान उम्र 60 साल निवासी इमाम चौक मैहर
2. गफ्फार खान पिता रज्जाक खान उम्र 46 वर्ष निवासी बेरमा थाना कोतवाली मैहर
3. राहुल कुशवाहा पिता रामलाल कुशवाहा उम्र 26 वर्ष निवासी जीतनगर बरही मैहर

जप्त सामग्री - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को कब्जे से निम्नलिखित सामग्री जप्त की गई है -


1. धोखाधड़ी पूर्वक ठगी गई राशि 5 लाख 50 हजार रूपये नगद
2. घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार कीमती करीब 13 लाख रूपये
3. आरोपियों द्वारा उपयोग किये जा रहे 04 मोबाइल कीमती करीब 25 हजार रूपये

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल मशरूका कीमती करीब 18 लाख 75 रूपये का जप्त किया गया हैं।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि संतोष यादव, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, आर. बृजेन्द्र रैकवार एवं भूरी सिंह का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# एक ही फ्रेम में दिखी आर्द्रभूमि की जैव विविधता




पवई वनपरिक्षेत्र में 8 पक्षी प्रजातियों का दुर्लभ दृश्य

**पवई।** *विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत पवई वनपरिक्षेत्र के बरोहा ग्राम स्थित क्षतिपूर्ति वनीकरण क्षेत्र के समीप एक तालाब में आर्द्रभूमि की समृद्ध जैव विविधता का एक मनमोहक दृश्य सामने आया है। इस दृश्य को पवई वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल द्वारा कैमरे में कैद किया गया, जिसमें एक ही फ्रेम में जलाशय पर आश्रित आठ विभिन्न पक्षी प्रजातियाँ एक साथ दिखाई दे रही हैं। तालाब के उथले जल एवं किनारों पर इन पक्षियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि यह आर्द्रभूमि मछलियों, जलीय कीटों एवं अन्य एक्वेटिक जीवों से भरपूर है। यह दृश्य न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का उदाहरण है, बल्कि क्षेत्र की पारिस्थितिकीय सेहत और संरक्षण प्रयासों की सफलता को भी रेखांकित करता है। फोटो में प्रमुख रूप से पेंटेड स्टॉर्क, ब्लैक-हेडेड आइबिस, ग्रे हेरॉन, ग्रेट एग्रेट, लिटिल एग्रेट, ग्रेट कॉर्मोरेंट, लिटिल कॉर्मोरेंट एवं कॉमन ग्रीन्शैंक देखे जा सकते हैं। ये सभी पक्षी जलाशय की खाद्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों का प्रतिनिधित्व करते हैं और सामूहिक रूप से आर्द्रभूमि के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।*

# स्वामी विवेकानंद बस्ती में हिंदू सम्मेलन के निमित्त विशाल कलश यात्रा का आयोजन



**अमानगंज**- आज दिनांक 2 फरवरी 2025 को नगर अमानगंज में स्वामी विवेकानंद बस्ती के हिंदू सम्मेलन को लेकर विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मातृशक्ति अपने सिर पर कलश रखकर लाडले लाल जी मंदिर से मटकी चौराहा एवं गांधी चौक होते हुए कार्य स्थल सिद्धि विनायक वाटिका पहुंचे। इस यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारों के साथ डीजे की धुन पर भक्त थिरकते हुए नजर आए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**विद्यार्थियों ने दी अनोखी प्रस्तुतियां**




**पवई।** शासकीय महाविद्यालय पवई के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 27 जनवरी से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला इकाई का शिविर शासकीय महाविद्यालय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ग्राम खमरिया एवं पुरुष इकाई का माध्यमिक शाला ग्राम सुनादर में संचालित हुआ, जिसका संयुक्त समापन शासकीय महाविद्यालय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक,पारंपरिक, लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ पर नाटक एवं साथ दिवसीय शिविर के सातों दिन में आयोजित कार्यक्रम जैसे मतदाता जागरूकता,पर्यावरण संरक्षण आदि के विषय अभिभाषण के रूप में जानकारी दी गई । इसके साथ ही आए हुए मुख्य अतिथि, पत्रकार साथियों का सम्मान करते हुए श्रीफल भेंट किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ ज्योति डावर, डॉ राजकरण,डॉ प्रवीण,डॉ शमशेर अली,डॉ अरुणा,शरीफ खान , विनोद अहिरवार,लखन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई डॉक्टर सविता वर्मा एवं पुरुष इकाई दीपेंद्र कुमार सतनामी द्वारा किया गया।

**ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी निर्माण पर करें कार्रवाई**

# संकल्प से समाधान अभियान में प्रगति लाएं- कलेक्टर




**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि शासन के महत्वाकांक्षी संकल्प से समाधान अभियान के तहत संबंधित विभाग द्वारा समय सीमा में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। विभागवार 106 योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों तथा विकासखण्डवार लोक सेवा केन्द्रों के जरिए प्राप्त आवेदनों को अविलंब पोर्टल पर एंट्री करवाएं। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर उक्ताशय के निर्देश दिए। टीएल बैठक में गत 12 जनवरी से आरंभ हुए इस अभियान सहित विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि समस्त जनपद पंचायत सीईओ विशेषकर बड़ी ग्राम पंचायतों में अवैध कॉलोनी निर्माण की जानकारी से अवगत कराएं और ऐसे मामलों में नामांतरण पर रोक के संबंध में जरूरी समन्वय कर जांच उपरांत प्रकरण भी दर्ज कराएं। इस दौरान स्कूल एवं कॉलेज में ड्राइविंग लायसेंस कैम्प लगाने, समय सीमा में बंटवारा प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व वसूली व किसानों के फॉर्मर आईडी के दृष्टिगत भी निर्देशित किया गया। साथ ही लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा बाह्य प्रकरणों में तय समय पर 3 दिवस में वांछित कार्यवाही पूर्ण न करने पर संबंधी अधिकारी के विरूद्ध जुर्माना कार्यवाही की चेतावनी भी दी। इसके अलावा आगामी बैठक से समस्त विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए भी कहा।

**कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के निर्देश अनुरूप हो कार्रवाई-**

जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गत माह संपन्न हुई कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विभागवार एजेण्डा मुताबिक अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाए। प्रत्येक स्तर पर जारी निर्देशों का पालन कर प्रतिवेदन से अवगत कराएं। उन्होंने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन के एल 1 स्तर पर नागरिक आपूर्ति निगम की सर्वाधिक 54 नॉट अटेंड शिकायतों पर नाराजगी जताई। लक्ष्य अनुरूप बैंक से समन्वय कर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के प्रकरणों के अधिकतम निराकरण तथा आजीविका मिशन द्वारा मां की बगिया कार्यक्रम में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। शासकीय सेवकों द्वारा प्राप्त कर्मयोगी आईगॉट प्रशिक्षण सहित मत्स्य पट्टों के नवीनीकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त ब्लॉक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति तथा वरिष्ठ नागरिकों को क्लस्टरवार शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, हेल्थ चेकअप और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चयनित 108 धरती आबा ग्रामों में भी शिविर के जरिए सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए जिला संयोजक को अधीक्षकों की ड्यूटी लगाने तथा लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ से पन्ना शहर के बायपास रोड से कचरा हटाने संबंधी कार्यवाही की जानकारी ली। नगरीय क्षेत्रों में पात्र परिवार को बसाहट के संबंध में जमीन के चिन्हांकन के लिए भी सीएमओ और तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिए गए। बताया गया कि सतना बेरियर काष्ठागार के निकट ऐसे पात्र परिवारों का विस्थापन प्रस्तावित है। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के विषयों, न्यायालयीन प्रकरणों में जवाबदावा, पोषण पुनर्वास केन्द्रों की व्यवस्थाओं तथा एसडीएम द्वारा एनआरसी के निरीक्षण सहित स्थानीय निकायवार पेंशनरों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का मोबाइल एप के माध्यम से वांछित कार्रवाई समय पर पूर्ण करने पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन मामलों में प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से शुरूआत से ही अपेक्षित प्रयास के लिए निर्देशित किया गया।

**खाद्यान्न उठाव और वितरण की करें जांच-**

टीएल बैठक में खाद्यान्न आवंटन के विरूद्ध उठाव और वितरण की समीक्षा भी की गई। मध्यान्ह भोजन सहित पीडीएस के तहत समय पर खाद्यान्न की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाहनों की मॉनिटरिंग और सघन जांच के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि लापरवाही करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# पीएम श्री उ.मा.वि. कुंवरपुर में हुआ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**1000 बच्चों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया**

सेना की शान सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने बीते वर्ष से अपनी अलग ही पहचान को लेकर भावी भविष्य युवाओं का संवारने को लेकर षिक्षा हो या खेल सभी दिषाओं में अपने गांव की माटी से छात्र-छात्राओं को तरासने का कार्य जो आरंभ किया वह आज एक छोटे पौधों के साथ-साथ अब युवा वटवृक्ष बनने की तैयारी सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच समूचे जिले के साथ-साथ प्रदेष को दे रही संदेष।



**पवई।**

जिले के पवई विधानसभा अंतर्गत जहां ग्राम दनवारा से सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी जो वर्तमान में जिले के लिए एक अलग ही सेना की सान व पहचान को लेकर अपने गांव की माटी से ही युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए विगत वर्ष से जाने जा रहे है। जिनकी सोच युवाओं को वर्तमान में जहां सामान्य ज्ञान के क्षेत्र में भी प्रतियोगिता का आयोजन स्कूलों से कराते हुए उनकी दक्षता को पहचान कर उन्हें पुरूस्कृत करने की नई सोच वर्तमान में चर्चा में है। इसके पूर्व आपने खेलों के माध्यम से भी जहां प्रतिभाओं को तरासा वहीं प्रतिस्पधा के दौर में षिक्षा के माध्यम से जहां छात्र-छात्राओं में गुणवत्ता व सुधार के लिए आपने एक नई सोच विगत वर्ष से पैदा कर दी। जिन छात्र-छात्राओं ने बेहतर परिणाम 80 प्रतिषत से ऊपर लाने के लिए अपनी प्रतिभा साबित की उनके माता-पिता व छात्र-छात्राओं को दिल्ली में घुमाने के लिए प्लेन से यात्रा कराते हुए जो दिषा दी थी उससे भी बेहतर परीक्षा परिणाम को लेकर प्रतिस्पधा का दौर चल पड़ा।वहीं अब सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर जहां छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं के माध्यम से जो कार्य किया जा रहा है वह निष्चित ही समूचे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। यही तो देष की माटी के लिए और मटी से ही जिस तरह छात्र-छात्राओं की तुलना की जाती है कच्ची माटी से उसे संवारने को लेकर घड़े का रूप या अन्य तरह के वर्तमनो के रूप में ढाला जाता है उसी तरह छात्र-छात्राओं को षिक्षा के माध्यम से उनके भविष्य के निर्माण को लेकर सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी जो सेना की सोच व्यक्ति के धनी अपनी गांव की माटी से ही इन छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने का कार्य जो आरंभ किया था वह आज समूचे पवई विधानसभा में भी कहीं न कहीं विद्यालयों में जो छात्र-छात्राओं की परीक्षा विभिन्न स्कूलों में सामान्य ज्ञान के परखने की ली जा रही है तथा परीक्षा के बाद जो छात्र सफल होगें उनमें से पुरूस्कार की दिषा जो तय होगी वह एक अलग बात है पर इसमें भी छात्र-छात्राओं का ज्ञान आगे के लिए भी सोच पैदा करेगा। समूचे जिले में सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच जिले के साथ-साथ प्रदेष के लिए बन रही अनुकर्णीय। पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर मे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे कक्षा 9 वी से 12 वीं के लगभग 250 छात्र छात्राओ ने भाग लिया प्रतियोगिता मे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा उक्त प्रतियोगिता सोबेदार पुष्पेंद्र तिवारी दनवारा की ओर से अलग अलग स्कूलों मे कराई जाए रही श्रीतिवारी ने बताया कि दो चरणों मे प्रतियोगिता सम्पन्न होगी जिसमे 1000 बच्चों को सामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। सूबेदार श्रीतिवारी हमने बच्चों के बोद्धिक विकास से जुडे रचनात्मक कार्य बीच -बीच मे करवाते रहते है।

# रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान के खेत से सिंचाई विद्युत मोटर चोरी करने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये एक विद्धुत मोटर कीमती करीब 15 हजार रुपये के किये गये जप्त**

**पन्ना**



पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में, पन्ना पुलिस को रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान के खेत से सिंचाई विद्धुत मोटर चोरी के मामले मे 02 दो आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किये विद्धुत मोटर का बरामद करने मे सफलता प्राप्त हुई है। फरियादिया रमा लोधी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह गौशाला सदन रैपुरा में अध्यक्ष के रूप में पदस्थ है वहां पर स्थापित कुआं से अपने खेत की सिंचाई हेतु एक विद्युत मोटर पम्प लगाए हुए थी। जो दिनांक 28-29 जनवरी की दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिंचाई मोटर पम्प चोरी कर लिया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में धारा 303(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया, आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर सक्रिय किए गए तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा 02 संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा बताया गया की आरोपी गुड्डा चौधरी पिता राजू उम्र 26 साल निवासी रैपुरा एवं प्रमोद कोरी पिता जीवन कोरी उम्र 23 साल निवासी रैपुरा के निवासी है जो मजदूरी का कार्य करते है। उनके खेत के बगल में गोसदन है जिससे दोनों दिनांक 29.1.26 को दिन के समय खेत पर बातचीत के दौरान आरोपिया गुड्डा चौधरी और प्रमोद कोरी द्वारा आपसी सहमति से दरम्यानी रात्रि सिंचाई की विद्युत मोटर चोरी कर उक्त मोटरों को चोरी कर बेचने एवं प्राप्त राशि को आपस में आधा-आधा बांटने की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार दिनांक 29/01/2026 मध्य रात्रि दोनों आरोपी गोशाला सदन पहुंचे, जो उसके पीछे रखी एक विद्युत सिंचाई मोटर पम्प के सेक्शन तोड़कर एवं विद्युत तार हटाकर एक मोटर पम्प चोरी कर ले गए। चोरी उपरांत एक मोटर पम्प आरोपी गुड्डा चौधरी द्वारा प्रमोद कोरी के खेत में पयारा में रखना बताया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके से जप्त किया गया

**नाम पता आरोपी -**

1. गुड्डा चौधरी पिता राजू चौधरी उम्र 26 साल निवासी फूटा मोहल्ला रैपुरा जिला पन्ना (म.प्र.)
2. प्रमोद कोरी पिता जीवन लाल कोरी उम्र 23 साल निवासी रैपुरा

सराहनीय योगदान- उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक स्मिता सिंह बघेल, प्र.आर. बाबू सिंह, अश्विनी सिंह ,रवि खरे आर. अतुल ,राहुल , द्वारिका का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### झूठे केस में फंसाने का आरोप, पीड़ितों ने एसपी से लगाई गुहार



छतरपुर। झूठे आपराधिक मामले में फंसाने का आरोप लगाते हुए ग्राम कोटा थाना राजनगर क्षेत्र के एक ही परिवार के कई लोगों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आवेदकों ने एसपी को आवेदन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराए जाने की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि दिनांक 29 दिसंबर 2025 को ग्राम कोटा में संतोप पटेल के साथ हुई घटना में उन्हें पुरानी रंजिश के चलते झूठा फंसाया गया है। आवेदकों का आरोप है कि वास्तविक घटना गोलू पटेल एवं मेघनंद पाल द्वारा की गई, जबकि उनके खिलाफ जानबूझकर झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई। इससे भय के कारण वे गांव नहीं जा पा रहे हैं, जिससे उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि घटना के समय कुछ आरोपी जेल में थे या न्यायालय में जमानत कार्यवाही में उपस्थित थे, इसके बावजूद उन्हें घटना स्थल पर दर्शाया गया। आरोप है कि पुलिस ने घटना स्थल का सही निरीक्षण नहीं किया और न ही मृतक के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व डीवीआर जब्त किए, जबकि उनमें पूरी सच्चाई कैद है। पीड़ित परिवार ने एसपी से सहानुभूतिपूर्वक विचार कर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।

### पुराने विवाद पर लाठी-डंडों से मारपीट, वीडियो वायरल



छतरपुर। छतरपुर शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत देरी रोड स्थित बीड़ी कॉलोनी में रविवार की शाम करीब 7 बजे पुराने विवाद को लेकर मारपीट की एक घटना सामने आई है। इस दौरान लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित लम्पु अनुरागी निवासी बीड़ी कॉलोनी, देरी रोड ने बताया कि उनका राज अनुरागी, शिवम अनुरागी, हेमंत अनुरागी और कंचन अनुरागी से पुराना विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने उनके बेटे सचिन अनुरागी और खुद लम्पु अनुरागी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। घटना के बाद घायलों ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण जिला अस्पताल में करवाया है।

जमीनी विवादों के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित

### थाना गुलगंज एवं सटई में पुलिस व राजस्व दल द्वारा संयुक्त रूप से सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं



छतरपुर। क्षेत्र में जमीनी विवादों की शिकायतों के त्वरित निपटारे हेतु जिला छतरपुर कलेक्टर श्री पार्थ जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के निर्देशानुसार छतरपुर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जमीनी विवादों के समाधान हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में आज अनुभाग बड़ामलहरा अंतर्गत थाना गुलगंज में एवं अनुभाग बिजावर अंतर्गत थाना सटई में शिविर का आयोजन किया गया। थाना गुलगंज में तहसीलदार बड़ा मलहरा विशंभर सिंह एवं तहसीलदार बिजावर अभिनव शर्मा, थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक अर्पित पाराशर, थाना सटई में थाना प्रभारी निरीक्षक आर एन पटेरिया, राजस्व निरीक्षक हरिमोहन नायक एवं सुरेश प्रसाद रावत तथा क्षेत्र के विभिन्न हल्का पटवारी, सरपंच उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी भूमि संबंधी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त टीम ने उपस्थित व्यक्तियों की समस्या की सुनवाई की एवं काफी प्रकरणों का निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों में निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

आईडीए कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक

# 2 वर्ष से ऊपर की आबादी को खिलाई जाएगी डीईसी एवं एल्वेण्डाजोल आईवरमैक्टिन दवा

छतरपुर। राष्ट्रीय मिशन भोपाल के निर्देशानुसार छतरपुर जिले में राष्ट्रीय फायलेरिया कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से शुरू होकर 25 फरवरी तक चलेगा। जिसमें 2 वर्ष से ऊपर की जिले की समस्त आबादी को सार्वजनिक रूप से डीईसी एवं एल्वेण्डाजोल गोली व आईवरमैक्टिन दबा का सेवन आयु अनुसार कराया जाएगा। जिससे फायलेरिया रोग (हाथी पांव) की बीमारी से छतरपुर की जनता को रोग मुक्त कराया जा सके। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के आदेशानुसार जिले के तीन ब्लॉक नौगांव, राजनगर, बिजावर एवं ईशानगर के एक उपस्वाथ्य केंन्द्र में फायलेरिया दबा का सेवन 10 फरवरी से 24 फरवरी तक सार्वजनिक रूप से कराया जाएगा। दबा सेवन कराने की समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई। जिले के 3 ब्लॉक की लक्षित्त जनसंख्या 8244 45 को दबा सेवन कराने हेतु कुल 3330 दबा सेवक एवं सुपरवाईजर 367 नियुक्ति किए गए है। जो पहले 3 दिवस स्कूल,कॉलेज एवं हास्टल बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन पर दवा का सेवन कराएंगे इसके बाद 6 दिवस घर-घर जाकर दवा का सेवन कराएंगे। अपराउण्ड 3 दिन में एक दिन स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल व 2 दिन घर घर जाकर छूटे हुए व्यक्तियों को अपने समक्ष दवा का सेवन कराया जाएगा।



### दवा पूर्णतः सुरक्षित है : डॉ.गौरव खरे

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गौरव खरे ने बताया कि ब्लॉकों में डीईसी गोली 21 लाख, आईवर मैक्टिन 25 लाख एवं एल्वेण्डाजोल की 9 लाख गोलियों का सेवन कराया जाएगा। दवाओं की किट सुपरवाईजार को प्रदाय कर दी गई है यह दवा पूर्णतः सुरक्षित है जिस किसी भी व्यक्ति को दवा के सेवन के बाद बुखार, उल्टी, सिर दर्द और बदन दर्द होता है, तो घबराने की जरूरत नही है। यह क्षणिक है और स्वतः ठीक हो जाता है। यह उन्ही व्यक्तियों को होता है जिनके अंदर फायलेरिया के कीटाणू होते है और जो दवा खाने पर मर जाते है।

### गंभीर रोगी एवं गर्भवती माताएं और 2 साल से कम आयु के बच्चे दवा का सेवन नही करें : सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि डीईसी गोली का सेवन गंभीर रोग से बीमार व्यक्ति, गर्भवती माताएं, एवं दो बर्ष से कम आयु के लोगों को नहीं करना है। ब्लॉक में रेपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। जिले में सिविल सर्जन को मेडिकल टीम तैयार रखने एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर के द्वारा रेपिट रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में सभी विभागों को फायलेरिया कार्यक्रम में सहयोग करने के निर्देश दिए गए है एवं आम जनता से अपील की गई है कि सभी लोग दवा का सेवन दवा सेवक के समक्ष ही करें। और फायलेरिया रोग से मुक्त करने में अपना सहयोग करें।

### हाथी पांव की बीमारी के प्रमुख लक्षण : दिनेश कुमार पटेरिया

दिनेश कुमार पटेरिया जेएमई फायलेरिया ने हाथी पांव बीमारी के सम्बन्ध मे बताया कि अंगों में सूजन (लिम्फेडेमा) पैरों में सबसे आम सूजन, लेकिन हाथों, स्तनों या पुरुषों में अंडकोष (हाइड्रोसील) में भी हो सकती है। त्वचा में बदलाव प्रभावित त्वचा मोटी, सख्त और सूखी हो जाती है, जिसे अक्सर जैसी त्वचा कहा जाता है। फाइलेरिया बुखार के साथ तेज दर्द और सूजन का आना। दर्द और भारीपन प्रभावित हिस्से में लगातार भारीपन, दर्द और बेचैनी महसूस होना। संक्रमण की प्रतिक्रिया सूजन वाले स्थान पर लालिमा, गर्मी और कोमलता होना। लसीका वाहिकाओं में सूजनः सूजन के कारण लसीका प्रणाली बाधित हो जाती है।

# छतरपुर ऑडिटोरियम में गूंजे सूफी तराने और पंडवानी, दर्शक हुए भावविभोर

छतरपुर। शहर के ऑडिटोरियम में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं जिला प्रशासन छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संस्कृति विरासत कला उत्सव के छठवें दिन शुक्रवार की शाम पंडवानी,सूफी और भक्ति संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रसिद्ध सूफी गायिका अंशिका रजोतिया एवं सुप्रसिद्ध गायिका सम्प्रिया पूजा ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।सूफी कव्वालियों पर तो दर्शक अपनी सीट से खड़े होकर झूमते नज़र आए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।छतरपुर विधायक ललिता यादव, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा,महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव हर्षित ताम्रकार,पूर्व प्राचार्य भगवानदास शुक्ला और समाजसेवी शंकरलाल सोनी,प्रसिद्ध सारंगी वादक विनोद पवार ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुवात की जिसके बाद कलाकारों ने मंच संभाला।



### सम्प्रिया पूजा ने दर्शकों में भर दिया जोश

कार्यक्रम की शुरुवात अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सम्प्रिय पूजा के पंडवानी गायकी के साथ हुई। सम्प्रिय पूजा पंडवानी गायकी की ख्यातिनाम कलाकार तीजन बाई की शिष्या हैं।वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पांच सौ से ज्यादा प्रस्तुतियां दे चुकी हैं।आज के कार्यक्रम में उन्होंने श्रीकृष्ण द्वारा पांडवों को पांच गांव देने के प्रस्ताव लेकर दुर्योधन के पास जाने की कथा का ओजस्वी वर्णन ओजपूर्ण शैली में किया।संगत कलाकारों ने उसमें जादुई असर डाला और दर्शक मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे।

छत्तीसगढ़ी बोली में सुनाई गई इस कथा का बीच में वर्णन करते हुए लगभग 45 मिनट की इस प्रस्तुति में दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों को भरपूर स्नेह दिया।

कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्थानीय संयोजक शिवेन्द्र शुक्ला ने बताया कि नगर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी और सदस्यों शिवव्रत तिवारी ,शशांक गोस्वामी, रवि चौधरी, वीरू गोस्वामी, हर्ष पाठक तथा शैलेंद्र कौशिक ने उत्कृष्ट कार्यक्रम विरासत की सौगात देने के लिए उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा का आभार जताते हुए शॉल,श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर उनको सम्मानित किया।देर शाम तक चले इस आयोजन ने दर्शकों को भक्ति और सूफी संगीत की अविस्मरणीय अनुभूति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन नीरज खरे ने किया।

# डॉ. अरुण गुप्ता ने 55 हजार मरीजों को दी फिजियोथैरेपी से नई जिंदगी

छतरपुर।

जिला अस्पताल में पदस्थ प्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अरुण गुप्ता इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपनी कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव के चलते उन्होंने अब तक लगभग 55,000 से अधिक लोगों को फिजियोथैरेपी के माध्यम से निशुल्क राहत पहुंचाई है। अस्पताल आने वाले गंभीर मरीजों, विशेषकर जिनकी हड्डियां टूट चुकी हैं, उनके लिए डॉ. गुप्ता किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहे हैं।

### टूटी हड्डियों और पुराने दर्द का सफल इलाज

अक्सर हड्डी टूटने के बाद ऑपरेशन तो हो जाता है, लेकिन अंगों की गतिशीलता वापस लाने में मरीजों को काफी संघर्ष करना पड़ता है। जिला अस्पताल में डॉ. अरुण गुप्ता अपनी विशेषज्ञता से ऐसे मरीजों की फिजियोथैरेपी कर रहे हैं, जिससे उनकी टूटी हुई हड्डियां न केवल तेजी से जुड़ रही हैं, बल्कि मरीज पहले की तरह चलने-फिरने में भी सक्षम हो रहे हैं।

### इन रोगों में मिल रही है विशेष राहत

डॉ. गुप्ता के पास जिला अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। उनके द्वारा मुख्य रूप कमर और गर्दन का दर्द, घुटनों और एड़ी का पुराना दर्द, लकवा के मरीजों का पुनर्वास, हड्डी टूटने के बाद की जकडन को दूर करना, मांसपेशियों और नसों से जुड़ी समस्याएं का प्रभावी उपचार किया जा रहा है।

### सेवा ही परम धर्म

जिला अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीज गरीब और मध्यम वर्ग के होते हैं, जो निजी क्लीनिकों की महंगी फीस नहीं भर सकते। डॉ. अरुण गुप्ता ने अपनी सेवाओं के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सरकारी अस्पताल में भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। डॉ. अरुण गुप्ता ने कहा कि गलत खान-पान और बेढंगे रहन-सहन की वजह से आजकल जोड़ों और नसों के दर्द की समस्या बढ़ रही है। यदि सही समय पर फिजियोथैरेपी शुरू की जाए, तो बिना ऑपरेशन और भारी दवाओं के भी कई गंभीर रोगों को ठीक किया जा सकता है।मरीजों का कहना है कि डॉ. गुप्ता न केवल बेहतर इलाज करते हैं, बल्कि उनका व्यवहार और सकारात्मकता आधे रोग को वैसे ही दूर कर देती है। 55 हजार लोगों तक राहत पहुंचाने का यह आंकड़ा उनकी निरंतर मेहनत और सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है।

# खजुराहो में देशज सांस्कृतिक श्रृंखला: बघेली, कर्मा एवं बुन्देली लोककलाओं ने बांधा समां



खजुराहो। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो में साप्ताहिक सांस्कृतिक श्रृंखला देशज के अंतर्गत रविवार, 01 फरवरी 2026 को बघेलखंड, बुन्देलखंड एवं जनजातीय अंचलों की समृद्ध लोकपरंपराओं पर आधारित लोकनृत्य एवं लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों के पारंपरिक सम्मान के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ।

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति मान्या पाण्डेय एवं साथी, सीधी द्वारा प्रस्तुत बघेली लोकगीतों की रही। सोहर, कुआँ पूजन एवं मुंडन संस्कार गीतों की सुरमयी प्रस्तुति ने दर्शकों को लोकसंगीत की आत्मीय अनुभूति से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात डिंडोरी से पधारीं गंगावती धुर्वे द्वारा प्रस्तुत कर्मा जनजातीय नृत्य ने दर्शकों को जनजातीय जीवन-दर्शन से सजीव रूप में परिचित कराया। कर्मा नृत्य श्रम और कर्म की उपासना का प्रतीक है, जहाँ श्रम को ही कर्मदेवता के रूप में स्वीकार किया जाता है। पूर्वी मध्यप्रदेश में कर्मपूजा का विशेष महत्व है, जिसमें कर्मा नृत्य अनिवार्य रूप से किया जाता है। विन्ध्य एवं सतपुड़ा क्षेत्र के कुछ आदिवासी समुदाय कर्मपूजा का आयोजन नहीं करते। इस नृत्य में युवक-युवतियाँ समान रूप से भाग लेते हैं तथा उनके बीच गीत-रचना की सहज प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। वर्षा ऋतु को छोड़कर प्रायः सभी ऋतुओं में यह नृत्य किया जाता है। जीवन की दैनिक गतिविधियों से विकसित इस नृत्य में गीतों की व्यापक विविधता देखने को मिलती है, जिनमें रोज़मर्रा के अनुभवों के साथ-साथ प्रेम के सूक्ष्म एवं संवेदनशील भाव भी अभिव्यक्त होते हैं। मध्यप्रदेश में कर्मा नृत्य-गीत परंपरा का विस्तार छत्तीसगढ़ से लेकर मंडला अंचल के गोंड एवं बैगा आदिवासियों तक व्यापक रूप से फैला हुआ है।

कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति पुरुषोत्तम विश्वकर्मा एवं साथी, दमोह द्वारा प्रस्तुत बुन्देली संस्कार गीतों की रही। गणेश वंदना, देवी भजन, लमटेरा एवं लोकभजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशज सांस्कृतिक श्रृंखला मध्य प्रदेश की जनजातीय एवं लोक कलाओं को संरक्षित करने और उन्हें नई पीढ़ी तथा पर्यटकों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है। आदिवर्त संग्रहालय, जो प्रदेश की प्रमुख जनजातियों की परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को संजोए हुए है, इस तरह के आयोजनों के माध्यम से खजुराहो की सांस्कृतिक पहचान को और समृद्ध कर रहा है। आगामी देशज सांस्कृतिक श्रृंखला के अंतर्गत 08 फरवरी 2026 को विजय कुमार मर्सकोले एवं साथी, छिंदवाड़ा द्वारा गेड़ी नृत्य, प्रिग्या नागर एवं साथी, लवकुश नगर द्वारा बुन्देली संस्कार गीत तथा दीक्षा शुक्ला, रीवा द्वारा बघेली लोकगीतों की प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

# मेहनत, समर्पण और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल करना संभव : बाइचुंग भूटिया

### फुटबॉल के 'सिक्किमी स्नाइपर' ने युवाओं को दिया फिटनेस और धैर्य का मंत्र

सिंगरौली। एनसीएल में 'यंग अचीवर्स प्रोग्राम' के तहत 'लर्निंग फ्रॉम लीजेंड' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब हुए पूर्व फुटबॉलर श्री बाइचुंग भूटिया

"सफलता बड़ी ज़िम्मेदारियों के साथ आती है क्योंकि जब आप एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं तब लोग आपको एक उदाहरण के रूप में देखते हैं। शारीरिक और मानसिक फिटनेस जीवन की किसी भी विधा में सफलता के लिए आवश्यक है। खेल हमें सफलताओं को संभालने और असफलताओं के साथ सामंजस्य बैठाना सिखाते हैं।" सोमवार को एनसीएल के दूधिचुआ ग्राउंड में आयोजित 'यंग अचीवर्स प्रोग्राम' के तहत 'लर्निंग फ्रॉम लीजेंड' कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ये बातें दिग्गज भारतीय फुटबॉलर और पूर्व फ़ुटबॉल कप्तान, पद्म श्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित श्री बाइचुंग भूटिया ने कहा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए बाइचुंग भूटिया ने फुटबॉल के मैदान के अपने अनुभवों को जीवन के विविध आयामों से जोड़ा। फिटनेस पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे फ़ूड हैबिट के साथ अल्पाहार और नियमित व्यायाम फिट रहने के लिए आवश्यक है 1 साथ ही योग और सूर्य नमस्कार को नियमित आचरण में लाने हेतु उपस्थित विद्यार्थियों सहित सभी को प्रेरित किया 1 उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की रुचि के हिसाब से करियर चुनने की आजादी देने व उसी अनुरूप वातावरण उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया।



सिक्किम के छोटे से गाँव तिंकिताम से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले भूटिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर आप में प्रतिभा है तो संसाधनों की कमी आपकी सफलता में कभी बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने बच्चों को अपने पैशन (जुनून) को फॉलो करने तथा चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहने की सीख दी। इसके साथ ही भूटिया ने कोल इंडिया और एनसीएल द्वारा खेल एवं सामुदायिक विकास की दिशा में किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने बाइचुंग भूटिया को फ़िटनेस आइकॉन बताते हुए उनके खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और धैर्य को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि फिजिकल एंड्यूरेंस के साथ मानसिक स्थिरता के बल पर भूटिया ने विश्वस्तरीय सफलता अर्जित की है। भारत में फुटबॉल के प्रति बढ़ते रुझान के आलोक में उन्होंने सिंगरौली परिक्षेत्र के युवाओं को फ़ुटबॉल सहित अन्य खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन),आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी,अजय कुमार जायसवाल, पूर्व निदेशक (तकनीकी/संचालन), सुनील प्रसाद सिंह, कंपनी जेसीसी सदस्यगण, सीएमओआई प्रतिनिधि, कृति महिला मंडल उपाध्यक्षागण, मुख्यालय एवं परियोजनाओं से महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षगण, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में एनसीएल के विद्यालयों से विद्यार्थी, प्राचार्य, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि पूरे सत्र को तीन भागों में विभाजित किया गया था जिसमें मोटिवेशनल, मॉडरेटर और इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। इन सत्रों के दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य ने भी बड़े उत्साह के साथ बाईचुंग भूटिया से खेल, कैरियर एवं जीवन से संबन्धित सवाल पूछे। इस दौरान एनसीएल की ओर से मॉडरेटर की भूमिका में प्रबंधक (मानव संसाधन), पाणि पंकज पाण्डेय रहे। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीएल कल्याण विभाग और दुधीचुआ टीम की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षाओं के संबंध में प्रशिक्षण आज

रीवा। हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में आवश्यक तैयारी की समीक्षा एवं प्रशिक्षण 3 फरवरी को आयोजित किया गया है। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में सुबह 11 बजे से आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर प्रतिभा पाल आवश्यक दिशा निर्देश देंगी।

### कार की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

रीवा। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत नीम चौराहे के पास दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने कार को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रवि कुशवाहा निवासी ग्राम करहिया के रूप में हुई है। मृतक के परिजन श्रीकांत कुशवाहा ने बताया कि रवि कुशवाहा नईगढ़ी तहसील कार्यालय में पियून के पद पर पदस्थ थे। घटना के दिन वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका मोबाइल फोन आ गया, जिस पर बात करने के लिए वे नीम चौराहे के पास सड़क किनारे खड़े हो गए। इसी समय तेज रफ्तार से आ रही एक कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक को कार काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। हादसे में रवि कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा था। हालांकि रविवार रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में ही हादसे में शामिल कार को जब्त कर लिया था तथा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 32052 आवेदन पत्र दर्ज अभियान में आमजनों के 18578 आवेदन पत्र मंजूर

रीवा। आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 32052 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 18578 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है। विभिन्न कारणों से 1067 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 2365, विकासखण्ड रीवा में 9071, विकासखण्ड सिरमौर में 7634, विकासखण्ड गंगेव में 6656, विकासखण्ड त्योंथर में 2633 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 1567 आवेदन पत्र दर्ज हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1593, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 31, नगर परिषद चाकघाट में 121, नगर परिषद डभौरा में 91, नगर परिषद त्योंथर में 72, नगर परिषद गुढ़ में 79, नगर परिषद मनगवां 25, नगर परिषद गोविंदगढ़ 10, सेमरिया 48 तथा नगर परिषद सिरमौर में 56 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

### किसानों को ई-टोकन से बंटेगी खाद

रीवा। किसानों को खाद वितरण में होने वाली परेशानियों को दूर करने, कृषकों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और सरलता के उद्देश्य से ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था की गई है। ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को लंबी-लंबी कतारों एवं परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी शिखा सिंह वर्मा ने बताया कि 6 फरवरी के पश्चात ई-टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण किया जाएगा। किसी भी प्रकार का आफलाइन टोकन जारी नहीं होगा। खाद प्राप्त करने के इच्छुक किसान ई टोकन प्राप्त करने के लिए ई टोकन पोर्टल पर पंजीयन करा लें। जारी होने के तीन दिन तक ई टोकन वैध रहेगा। किसानों को समझाइश दी गयी है कि ईटोकनडॉटएमपीकृषि डॉट ओआरजी को गूगल में डाले। इस पर जाकर कृषक का फोटो दिखेगा वाला किसान दिखेगा उस पर अपने आधार नं. डाले व आधार से रजिस्टर्ड मो. नं. पर ओटीपी प्राप्त होगी उसे उस पर डालकर वेरीफाई करें। ओटीपी डालने के बाद किसान की बनी फार्मर आईडी से लिंक खसरे दर्शित होंगे, जो एग्री स्टेक से जोड़े जाते है।

---

#### मेडिकल कॉलेज में छात्र गुटों के बीच हिंसक झड़प

# अखाड़ा बना रीवा का संजय गांधी अस्पताल

**जमकर चले लात और घूसे, लाठी-डंडे और बेल्ट चले, आधा दर्जन छात्र घायल**

शहर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में सोमवार को जूनियर और सीनियर छात्रों के दो गुटों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कॉलेज परिसर में शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें लाठी-डंडों और बेल्ट का भी इस्तेमाल किया गया।

रीवा।





घटना में करीब आधा दर्जन छात्र घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद की शुरुआत मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई, जहां किसी बात को लेकर जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच तीखी बहस हो गई। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख कॉलेज प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। बताया जा रहा है कि कॉलेज परिसर में हुए विवाद के बाद जब मेडिकल कॉलेज के डीन छात्रों के एक गुट को समझाइश देने अस्पताल परिसर पहुंचे, उसी दौरान सीनियर छात्रों का एक समूह वहां पहुंच गया और दूसरे गुट पर अचानक हमला कर दिया। डीन की मौजूदगी में अस्पताल परिसर में भी जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान लाठी-डंडे और बेल्ट का इस्तेमाल किए जाने से अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में घायल छात्रों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही अमहिया थाना पुलिस सहित अन्य थानों से पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के छात्रों को अलग-अलग कर शांति व्यवस्था बहाल कराई। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह विवाद 2025 बैच के छात्रों के बीच हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामला जीटी (छुट्टी जाने) को लेकर उत्पन्न हुआ था। डीन ने कहा कि दोनों पक्षों को समझाइश दी जा रही है तथा पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने वाले छात्रों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।जूनियर डॉक्टरों का दो गुट आपस में भिडा एक गुट दूसरे गुट पर बना रहा था ड्यूटी बंक करने का दबावघटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई अस्पताल प्रबंधन और पुलिस अधिकारियो की समझाइस के बाद मामला शांत हुआ. घटना को लेकर अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कीः सूचना प्राप्त हुई थी कि मेडिकल कॉलेज के कुछ स्टूडेंट्स का आपस में विवाद हुआ था. ड्यूटी को लेकर आपसी मतभेद के कारण विवाद हुआ था. किसी भी पक्ष के द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई हैः शिकायत मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. पुलिस घटना की जांच मे जुटी है. अस्पताल प्रबंधन के द्वारा एक कमेटी बनाकर जांच की जा रही हैं।

---

## शहर में शराब के नशे में युवती का बीच सड़क हाई वोल्टेज ड्रामा
## कई घंटे तक यातायात रहा बाधित, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कराया शांत

रीवा।



शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार देर रात उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवती ने शराब के नशे में बीच सड़क पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। घटना ढेकहा मोहल्ले की है, जहां रीवा–सतना मुख्य मार्ग पर युवती के उत्पात के चलते कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। सड़क पर युवती के हंगामे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती नशे की हालत में सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरों से गाली-गलौज कर रही थी। उसके इस व्यवहार से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन बीच रास्ते में रुक गए, जिससे मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। बताया जा रहा है कि युवती के साथ एक अन्य युवती भी मौजूद थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था, जो देखते ही देखते सड़क पर हंगामे में बदल गया। युवती का आक्रोश और नशे की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोग असहज हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा स्वयं पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने समझाइश देकर युवती को शांत कराया और भीड़ को हटाया, जिसके बाद यातायात सुचारु रूप से बहाल किया जा सका। बता दे हंगामा करने वाली युवती बिछिया थाना क्षेत्र की निवासी है।युवती अत्यधिक शराब के नशे में थी, जिसके चलते उसने सार्वजनिक स्थान पर अनुचित व्यवहार किया। हालांकि, किसी प्रकार की आपराधिक घटना या गंभीर नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने युवती को समझाइश दी और उसे सुरक्षित उसके घर भिजवा दिया।

---

## शिव बारात के पोस्टर हटाने पर शहर में बवाल



रीवा। शहर में ऐतिहासिक रूप से निकाली जाने वाली शिवबारात को लेकर सोमवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। नगर निगम द्वारा शहरभर में लगाए गए शिवबारात के पोस्टर और बैनर हटाए जाने से नाराज आयोजन समिति और समर्थकों ने भरे बाजार जमकर हंगामा किया। शिल्पी प्लाजा में पुलिस चौकी के सामने आयोजक समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता सहित कई सदस्य धरने पर बैठ गए। मामला इतना बढ़ गया कि मुख्य बाजार शिल्पी प्लाजा क्षेत्र में सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो गई और कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा। बता दे बिना किसी पूर्व सूचना के नगर निगम अमले द्वारा शिवबारात से जुड़े पोस्टर-बैनर उखाड़े जाने से आयोजकों में भारी आक्रोश फैल गया। आयोजन समिति ने इसे धार्मिक आयोजन के प्रति द्वेषपूर्ण कार्रवाई करार देते हुए नगर निगम कमिश्नर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन के दौरान निगम कमिश्नर के विरोध में "मुर्दाबाद" के नारे भी लगाए गए। हंगामे के बीच शिवबारात के आयोजक मनीष गुप्ता भावुक हो उठे और भरे बाजार फूट-फूटकर रोते नजर आए। वही कड़कड़ाती ठंड के बीच अपने कपड़े तक फाड़ दिए। इस दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में भी भारी उत्तेजना देखी गई। आयोजन समिति का आरोप है कि हटाए गए पोस्टर-बैनरों में भगवान शिव की तस्वीरें लगी थीं, जिन्हें हटाकर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। प्रदर्शनकारियों ने इसे धर्म विरोधी कार्रवाई बताते हुए नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित भीड़ को समझाइश देने का प्रयास किया। इसके बावजूद शिल्पी प्लाजा क्षेत्र में लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घंटे चले प्रदर्शन के बाद आक्रोशित लोग पैदल मार्च करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। जहां उपयुक्त नगर निगम के साथ बातचीत के दौरान उपयुक्त ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर खेद व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि पोस्टर-बैनर हटाने की कार्रवाई से संबंधित कोई आपत्तिजनक वीडियो या साक्ष्य सामने आता है, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन समाप्त किया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी।

---

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत, परिजनों ने शव रखकर किया चक्काजाम




**मरीवा।** जिले के त्योथर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर से कुचलकर एक युवक की मौत के बाद तनाव की स्थिति बन गई। पोस्टमार्टम के उपरांत आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर त्योथर–राजपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया और ट्रैक्टर चालक पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर अड़ गए। परिजनों का आरोप है कि चालक ने जानबूझकर युवक को ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी हत्या की है। घटना सोहागी थाना क्षेत्र के त्योथर गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामकिंनकर मिश्रा उर्फ प्रदीप रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे किसी काम से घर से निकले थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।युवक की मौत के बाद परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि यह कोई सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। उनका दावा है कि घायल अवस्था में युवक ने मौत से पहले परिजनों को बताया था कि ट्रैक्टर चालक ने पहले टक्कर मारी और इसके बाद जानबूझकर दोबारा ट्रैक्टर चढ़ाकर उसे कुचल दिया। इसी आरोप के आधार पर परिजन ट्रैक्टर चालक के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।पोस्टमार्टम के बाद जब शव परिजनों को सौंपा गया तो आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों और ग्रामीणों ने शव को त्योथर–राजपुर मुख्य मार्ग पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चक्काजाम की सूचना मिलते ही सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दे कर मामले को शांत कराया और चक्काजाम समाप्त कराकर यातायात बहाल कराया।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना से जुड़े तथ्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद यदि हत्या के आरोप पुष्ट होते हैं तो संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

---

## मऊगंज में यातायात प्रभारी की सख्त कार्रवाई, 15 वाहनों से वसूला गया 19,200 रुपये का चालान



**मऊगंज** जिले के पथरिया पन्नी क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक मऊगंज के निर्देश पर यातायात प्रभारी द्वारा ब्लैक स्पॉट पन्नी पथरिया में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई।यातायात प्रभारी ने बताया कि पथरिया पन्नी क्षेत्र को दुर्घटनाओं की दृष्टि से ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां आए दिन लापरवाही से वाहन चलाने और रॉन्ग साइड से आवागमन के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान रॉन्ग साइड से आ रहे कुल 15 वाहनों को रोका गया और उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इन सभी वाहनों से कुल 19,200 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सही दिशा में वाहन चलाएं और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।पुलिस प्रशासन का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

---

#### सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों के निराकरण पर ध्यान दें - कलेक्टर

# संकल्प से समाधान अभियान के आवेदन पत्रों का निराकरण करें

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में लगातार शिविरों का आयोजन हो रहा है। शिविरों में आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों को प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं। सभी अधिकारी आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण भी करें।

रीवा।



एसडीएम अभियान की लगातार मॉनीटरिंग करें। जो आवेदन पत्र विकासखण्ड स्तर पर निराकृत नहीं हो रहे हैं उन्हें संबंधित विभाग के जिला कार्यालय को प्रेषित करें। शासन के निर्देशों के अनुसार इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उप संचालक कृषि अन्य विभागों से समन्वय बनाकर वर्ष भर के कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाएं। कार्ययोजना के अनुसार कृषि विकास से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित कराएं। अभियान के दौरान प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, खाद के संतुलित उपयोग, नरवाई प्रबंधन तथा खाद्य प्रसंस्करण पर विशेष जोर दें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। इसमें सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों तथा समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन में यदि आवेदन पत्र बिना किसी कार्यवाही के अगले लेबल पर जाएगा तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। गेंहू उपार्जन से जुड़े सभी आवेदनों का सात दिन में निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई राइजर पाइप बढ़ाकर हैण्डपंपों का सुधार कराएं। बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए सभी विकासखण्डों में टीम तैनात करें। लोक सेवा गारंटी योजना प्रकरणों में समय-सीमा में निराकरण न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें।कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम सीएम हेल्पलाइन तथा तथा लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के आवेदन पत्र तय समय सीमा से अधिक समय से लंबित रहने पर संबंधित पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें। एसडीएम त्योंथर स्वामित्व योजना में आरओआर के लिए लंबित पाँच प्रकरणों का निराकरण कराएं। किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संतोषजनक नहीं है। शेष बचे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए लगातार अभियान चलाएं। एसडीएम धरती आबा योजना के तहत वनाधिकार पत्र प्राप्त किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी कराएं। एसडीएम मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचन आयोग के नवीन निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही तत्परता से करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गर्भवती महिलाओं तथा अन्य रोगियों की जाँच करके तथ्यपूर्ण जानकारी पोर्टल में दर्ज करने के लिए एएनएम तथा आशा कार्यकर्ता को विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दें। तथ्यहीन जानकारी दर्ज करने वाले लापरवाह चिकित्साकर्मियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। धरती आबा योजना में अभी भी 9 हजार से अधिक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाना शेष हैं। अभियान चलाकर 7 दिवस में सभी के आयुष्मान कार्ड बनाएं। जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न पर्ची तथा गेंहू उपार्जन से जुड़े आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सीएम मानिट तथा सीएस मानिट के आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।